# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
**JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI**

**कक्षा 11 (सत्र 2025–27) के लिए नियमित एवं स्वतंत्र रुप से पंजीकृत छात्र/छात्राओं के पंजीयन/परीक्षा से संबंधित भरे गये डाटा में संशोधन के संबंध में आवश्यक सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या – 02/2026**

एतद् द्वारा राज्य के सभी कोटि के +2 विद्यालयों/इंटर महाविद्यालयों के सत्र 2025–27 के वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा, 2027 में नियमित एवं स्वतंत्र रुप से सम्मिलित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि उक्त हेतु पंजीकृत छात्र/छात्राओं के डाटा में आवश्यक सुधार हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान करने का निर्णय परिषद् द्वारा लिया गया है। उक्त संशोधन की प्रक्रिया **दिनांक 16.01.2026 से 20.01.2026 तक** निम्नवत् रुप से परिषद् के वेबसाइट **www.jac.jharkhand.gov.in** के Exam Form Portal Section के माध्यम से ऑनलाइन सम्पादित की जाएगी :–

## संशोधन की प्रक्रिया

(1) परिषद् के पोर्टल पर "Class 11 Student data Correction Portal" tab पर Click करेंगे तथा Student login में छात्र/छात्रा अपनी वांछित जानकारी (Student ID & Captcha) देकर अपना Student Information sheet का अवलोकन कर सकेंगे।

(2) उक्त Student Information sheet का अवलोकन कर यदि किसी प्रकार का संशोधन चाहते हैं, तो Student Information sheet को डाउनलोड करेंगे और वांछित संशोधन किए जाने के अनुरोध के साथ महाविद्यालय में जमा करेंगे।

(3) छात्र/छात्रा द्वारा प्राप्त अनुरोध पर +2 विद्यालय/महाविद्यालय परिषद् के वेबसाइट पर User ID/Password का उपयोग कर School login करेंगे। ''Correct student data'' Tab के माध्यम से जिन छात्र/छात्रा के डाटा में संशोधन किया जाना है, को संशोधित किया जा सकता है। यह संशोधन सिर्फ उसी डाटा पर मान्य होगा, जिस डाटा की Entry महाविद्यालय द्वारा की गई है एवं उसका शुल्क से किसी प्रकार का संबंध नहीं होगा।

(4) डाटा संशोधन के उपरान्त चेकलिस्ट को डाउनलोड कर परिषद् कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर जमा करना आवश्यक होगा।

(5) यह अवसर अन्तिम रुप से प्रदान किया जा रहा है। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :– कक्षा 11 (सत्र 2025–27) के लिए पंजीकृत छात्रों के भराये गये पंजीयन–सह–परीक्षा आवेदन प्रपत्र से संबंधित Consolidated list एवं चालान की प्रति एवं अन्य संबंधित कागजात परिषद् कार्यालय में दिनांक 22.01.2026 तक आवश्यक रुप से समर्पित किया जाय।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–
(जयन्त कुमार मिश्र)
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्,
राँची।

JAC/Gop./6059/25-Secy/14/26
Dated – 15.01.2026